Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-09-2022 | अंक 339

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक सवार ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर, दो घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत डीवीसी के नजदीक शुक्रवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायल युवकों में अभिषेक कुमार सोनी उम्र 21 वर्ष पिता कपिल स्वर्णकार एवं राजन कुमार 19 वर्ष पिता विनोद कुमार दोनो करियातपुर से है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो युवक बाइक पर सवार होकर बरही से करियातपुर लौट रहे थे। इसी क्रम में रवि हाइड्रोलिक के नजदीक खड़ी ट्रक से टकरा गए। जिसमे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## जलसहिया दीदियों ने मानदेय ना मिलने पर प्रखंड मुख्यालय के बाहर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, हेमंत सोरेन मुर्दाबाद के लगाए नारे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड की जलसहिया ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के बाहर अपनी मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की। उन्होंने कहा की विगत 10 - 12 वर्षो से सेवाभाव के साथ अतिअल्य मानदेय में कार्यरत थे। गांव के लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, व्यवहार परिवर्तन कर खुले में शौच से गांव को मुक्त करना, व्क्थ को स्थावित्य करना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देश के अनुसार सर्वे करना, पेयजल की विकट समस्या पर कार्य करना एवं अन्य जटिल कार्यो को हमारे द्वारा किया जाता है। जबकि पेयजल स्वच्छता विभाग हमारे कार्यो को अन्य एजेंसी के माध्यम से कराती है। वहीं एजेंसी ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में जलापूर्ति एवं अन्य योजना के कार्यो की गुणवत्ता सही नही हो पाता है। जिसका खामियाजा हम जलसहिया एवं ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। साथ ही साथ उन्होंने मांगपत्र के माध्यम से कहा की जलसहिया को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में नियुक्ति, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अनुरूप वेतनमान एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध, जलसहिया को वर्ष में दो सेट पोशाक, पूर्व से बकाया मानदेय दिया जाए, शौचालय निर्माण कार्य का जलसहिया को प्रोत्साहन राशि 150 भुगतान करे, जल, नल ग्रामीण श्रोतो का कार्य जलसहिया के द्वारा कराया जाए, योग्यता धारी जलसहिया को प्रखंड स्तरीय ब्लॉक कॉर्डिनेटर नियुक्त की जाए, पेयजल एवं स्वास्थ्य से संबंधित जो भी कार्य होंगे उसे जलसहिया को सौंपा जाए एवं जलसहिया को साल के 365 दिन गारंटी एवं काम के बदले उचित दाम देने की मांग की है। धरना प्रदर्शन में अध्यक्ष विमला मोसोमात, सचिव सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष उषा देवी, उषा देवी, मुनीका देवी, रूबी देवी, पूनम कुमारी, सरिता देवी, नूरजहां, खातून, सईफ खातून, फुल्का देवी, नैना देवी, प्रभा देवी, बसंती देवी, रीना देवी, शकुंतला देवी, पुष्पा देवी, शायरा बानो, सरिता देवी, अंजली कुमारी, शीला देवी, कविता देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, तमन्ना खातून, सुनीता देवी, समीला खातून, सुनीता सिंह, सरस्वती देवी, दिव्या भारती, उषा देवी, कुंती देवी, पार्वती देवी, बैजन्ती देवी, मंजू कुमारी, सोनी देवी, बबीता देवी, मंजू देवी, आशा देवी, ललिता देवी, फूलमती देवी, समीना प्रवीण, सरिता देवी, शकुंतला देवी, सुनीता देवी, राधा देवी, लीलावती देवी, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, संगीता देवी, शीला देवी एवं मधुबाला देवी शामिल थी।




धरना प्रदर्शन में बैठी जलसहिया संघ की महिला

## ब्रह्मा विद्या विहंगम योग ने बरही में निकाला भव्य स्वर्वेद शोभा यात्रा, चारो मार्गो में किया भ्रमण

### स्वर्वेद सभी तरह की आध्यात्मिक ज्ञान की कुंजी है : राजसिंह चौहान




स्वर्वेद शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही में ब्रह्मविद्या विहंगम योग हजारीबाग एवं बरही शाखा के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्वेद शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा का नेतृत्व प्रभारी कृ ष्णा गुप्ता एवं दीक्षा प्राप्त राजसिंह चौहान ने किया। स्वर्वेद यात्रा की शुरुआत हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस से शुरू होकर बरही के चारो मुख्य मार्ग में निकाला गया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से जिला संयोजक संतोष कुमार, सह संयोजक पंकज मिश्रा, राजसिंह चौहान मुख्य शामिल रहे। कृष्णा गुप्ता में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ष्स्वर्वेदष को जन - मानस तक पहुंचाना है। स्वर्वेद सभी आध्यात्मिक ज्ञान की कुंजी है, सभी वेदों का सार है, सभी का सिद्धांत सभी का मूल स्वर्वेद में है। 200 लोगों के साथ पहुंचे राजसिंह चौहान ने कहा कि ब्रह्म विद्या की किरणे जन जन तक पहुंचे इसलिए सदगुरु सदाफल देव महाराज ने संसार के अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ स्वर्वेद की रचना की। इसके पठन मात्र से शांति का अनुभव होने लगता है। जिससे शुभ भाव प्रकट होते है, अशुभ संस्कार नष्ट होते है, अविधा अंधकार खत्म होता है। शोभा यात्रा संपन्न होने पर यात्रा में शामिल सभी के बीच महाप्रसाद वितरण किया गया। इस यात्रा में कोषाध्यक्ष विनोद पांडेय, परामर्शक राम गो. विंद सिंह, अक्षय कोश प्रभारी सरयू यादव, प्रचारक डॉ महेश प्रसाद, पत्रिका प्रभारी भोला महतो, स्वर्वेद प्रभारी गोविंद प्रसाद, बीरबल प्रसाद मेहता, प्रखंड प्रभारी अशोक राणा, नकुलदेव राणा, चंद्र मोहन मिश्रा, सत्संग प्रभारी हीरामन यादव, गोपाल राणा, अनमोल राणा, केदार नाथ मेहता, राजदेव सिंह, महेंद्र सिंह, बद्री यादव, रामबृक्ष सिंह, महेंद्र सिंह, सुभाष मेहता, कैलाश पति सिंह, गंगाधर प्रजापति, देवधारी प्रजापति, रामप्रसाद राम, मोती सिंह, माइकल सिंह, नागेश्वर प्रसाद केशरी, रीता देवी, शकुंतला देवी, अनीता देवी, यशोदा देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों अन्य महिलाएं शामिल थी।

## अनुमंडलीय अस्पताल में सिजेरियन की निःशुल्क व्यवस्था ,गरीबो को मिल रहा है लाभ

### डॉ अनुभा कुमारी के की पांच ऑपरेशन, सभी बच्चे स्वस्थ, 20 सूत्री अध्यक्ष ने लिया जायजा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में नॉर्मल डिलेवरी के साथ साथ ऑपरेशन से भी प्रसव कराने की निःशुल्क व्यवस्था है। सर्जन डॉ अनुभा कुमारी ने पिछले दो दिनों में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के निगरानी में 5 महिलाओ का सफल ऑपरेशन कर प्रसव कराया । जिसमे सभी बच्चे स्वस्थ हैं। सिजेरियन की व्यवस्था की जानकारी लेने एव मरीजो की स्वास्थ्य की जानकारी लेने नव मनोनीत 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा शुक्रवार को अस्पताल पहुंचे और डीएस डॉ ज्ञानी के साथ मरीजों से मिले । अस्पताल में भर्ती सारे मरीज अस्पताल की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। इकबाल रजा ने इस व्यवस्था के लिए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की सराहना करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में अस्पताल में काफी कुछ सुधार हो रहा है। प्राइवेट अस्पताल में एक मरीज को अ०परेशन से प्रसव कराने पर कम से कम 20000 रुपये का खर्च करना पड़ता । जबकि अनुमंडलीय अस्पताल में सारी व्यवस्था मुफ्त है।जिसके कारण गरीबों को काफी राहत मिलती है। उन्होंने सभी से अपील किया कि आप सब संस्थागत प्रसव कराएं। सिजेरियन की यदि जरूरत पड़ती है तो अस्पताल में सारी व्यवस्था है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि उनके कार्यकाल में सीमित संसाधन में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। अ०परेशन के लिए, परिवार नियोजन के लिए सर्जन की व्यवस्था है। गरीब असहाय लोगो के लिए अनुमंडलीय अस्पताल वरदान साबित हो रहा है। अस्पताल में और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। मौके पर पंकज कुमार आज़ाद, विनय सिन्हा, मनोज सिन्हा, मो उस्मान, नरेश कुमार, मो असलम,सुधांशू कुमार, योगेंद्र पंडित सहित कई लोग मौजूद थे।



मरीजो से मिलते 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा एवं डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्ति शिविर स्थगित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 सितंबर को विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में 06-18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए आहूत शिविर अपरिहार्य कारणों से फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। शिविर की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विष्णुगढ़ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने दी।

## पानी रोको पौधा रोपो अभियान के तहत धनवार में किया गया वृक्षारोपण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में बीडीओ के नेतृत्व में पानी रोको पौधा रोपो अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। बीडीओ सी.आर.इंदवार ने बताई की हमारे जीवन में पर्यावरण का अहम योगदान है, जिसे संरक्षित करना बेहद जरूरी है। जिस प्रकार पानी के लिए हाहाकार मचा है, अगर पर्यावरण को नही बचाया गया तो और मुश्किल और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा की मिट्टी का अपरदन रो. कने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। मौके पर पंसस संतोषी देवी, दामोदर प्रसाद सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।




APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जलसहिया ने किया का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

### जलसहिया की मांगे का जायज बताया – पूर्व विधायक मनोज

**अपेम लाइव : पदमा**



पदमा प्रखण्ड जलसहिया सघ इकाई का एक दिवसीय धरना पदमा ब्ल०क परिसर में दिया गया। धरने के नेतृत्व जलसहिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्षा नीलम देवी ने की। अपनी विभिन्न मांगों में जैसे चतुर्थवर्गीय कर्मचारी में नियुक्ति, जलसहिया को दो सेट पोषक, पूर्व के बकाया मानदेय, शौचालय निर्माण में जलसहिया को प्रोत्साहन राशि, योग्यताधारी जलसहिया को कोडिनेटर के पद पर नितुक्ति आदि जैसे ग्यार मांग को लेकर धरने पर बैठी। वही पदमा बीडियो के नाम मांग पत्र सौंपा। इससे पूर्व जलसहिया साथियों को प्रखण्ड प्रमुख वीणा देवी के साथ भाजपा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का जोरदार समर्थन मिला। यहां उपस्थित भाजपा के नेताओ ने जलसहिया की विभिन्न मांगे को जायज बताते हुए अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण यादव, अजय मेहता, प्रकाश ओझा, पूर्व मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता, मुखिया शांति देवी, पंस सदस्य रेखा देवी, रूबी देवी, ननकू मेहता, त्रिवेणी मेहता, बिजय मेहता, अजीत गिरि, जितेंद्र मेहता, उमेश यादव, परमेश्वर पांडेय, भरत पांडेय, पूर्व उपमुखिया सुरेश पांडेय, बिनोद पांडेय, मनोज पांडेय, ईश्वर यादव, रामलखन मेहता, महेंद्र पांडेय, प्रभु मेहता, रामानन्द गिरि, कमांडो मेहता, गणेश यादव, बुधन साव, पदमा उपमुखिया अजय मेहता, राजू राणा, जलसहिया उषा देवी, कुंती देवी, जयंती कुमारी, गीता देवी, अपसाना खातून, प्रतिमा देवी, मालती देवी, कौशल्या देवी, रेणु देवी के अलावा सैकड़ो महिला पुरुष धरना में शामिल रहे।

## 8वी उतीर्ण छात्रों को प्रमाण पत्र मिला

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा 8वी के छात्रों को प्रमाण पत्र देते मुखिया इंददेव प्रसाद

बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सलैया मे 8वी बोर्ड मे उत्तीर्ण 52 विद्यार्थियों को विदाई सह स्थानांतरण प्रमाण पत्र का वितरण मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद की उपस्थिति मे समारोह किया गया स कार्यक्रम का संचालन रा. जदेव प्रसाद ने की स कार्यक्रम को संबोधित करते मुखिया इंददेव प्रसाद ने बच्चों में शिक्षा का विकास पर प्रकाश डालते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दी विद्यालय के प्रधाध्यापक प्रताप कुमार ने भी बच्चों को उच्च शिक्षा को अटूट प्राप्त करने की सलाह दी स कार्यक्रम को सफल संचालन मे विद्यालय समिति के अध्यक्ष महेश प्रसाद,शिक्षक अरुण कुमार मंडल, त्रिवेणी प्रसाद, बब्लू कुमार, किशोर कुमार पंडित, लीलधारी प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, सुनीता देवी, बैधनाथ प्रसाद, बिनोद कुमार मंडल समेत विद्यालय परिवार शामिल थे ।

## विधायक ने महाबर स्थान में महुगुणी का पेड़ लगाया

### भादो पूर्णिमा में अखंड कीर्तन का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



अखंड कीर्तन का शुभारंभ करते विधायक व मुखिया

बरकट्ठा भादो पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाबर बाबा मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने आकर महाबर बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किये मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने मौके पर महाबर मंदिर परिसर में महुगुणी का पेड़ लगाकर एक यादगार दर्शनीय पर्यटन स्थल बनाने का प्रण लिए साथ ही आरईओ सड़क से मन्दिर तक सड़क बनवाने की बात की और महाबर युवा वाहिनी द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, वन समिति अध्यक्ष रामलखन पंडित, अर्जुन दास, बिजय साव, राजेंद्र पासवान,टिंकु प्रसाद, विजय यादव, बीरू मेहता, राजकुमार यादव शंकर प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, अजय कुमार टिंकू प्रसाद, मुन्नालाल प्रसाद, नारायण राणा, सत्यम भारती, रामेश्वर पासवान, लालमनी प्रसाद,अजय कुमार, पिंटू राणा, अभिजीत दास, रामचंद्र साव, मुन्ना कुमार, नरेश साव, राजीव कुमार, पवन दास, दीपक दास, दुग्गीलाल प्रसाद, राजू प्रसाद, पंकज पासवान, संजय कुमार, मनोज प्रसाद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा को आजाद मोहल्ला के युवाओं ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के नवनियुक्त 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा को आजाद मोहल्ला के युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की और से जिंदाबाद के नारे लगाए गए। 20 सूत्री के मनोनित प्रखंड अध्यक्ष अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा की सरकारी की जितनी भी योजनाएं है, उसे गांव गांव तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। मौके पर मो फारूक अंसारी, वार्ड रियाजउद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष मो हैदर, मो वारिश अंसारी, मो यूसुफ, मुबारक रॉय, मनुवर अंसारी, रवि कुमार, सुजीत कुमार, पवन कुमार, सतीश कुमार, निसार सिद्दीकी, मो कलीम रॉय, मो मुख्तार अंसारी, मो इरशाद अंसारी, मो मिस्टर आलम, मो इम्तियाज, जैनुल अंसारी, नईम रॉय, मो फइम, मो सद्दाम, मो जानू अंसारी, मो करीम अंसारी, मो अजीज अंसारी, मो ताजुद्दीन अंसारी, मो सोहैल अख्तर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने भक्ति जागरण का उदघाटन किया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व विधायक व मुखिया

बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गयपहाडी में सार्वजनिक माँ मनसा पूजा के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा मा मनसा की पूजा अर्चना से क्षेत्र में शान्ति व सौहार्द बढ़ेगी साथ ही आपसी भाईचारे का प्रवाह भी बढ़ेगा उन्होंने आयोजन समिति को पूजा आयोजन के लिए धन्यवाद दिया मौके पर मुखिया कलावती देवी, उपमुखिया गुलाबचंद प्रसाद, 20सूत्री सदस्य यमुना प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, तुलसी प्रसाद, कृष्णदेव प्रसाद, उपेंद्र शर्मा, गणपत प्रसाद, मनोहर चौधरी, हीरालाल प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, चेतलाल पंडित, झरी पंडित, अरविंद कुमार, नगीना प्रसाद, बालकिशुन साव, अर्जुन प्रसाद, चौधरी महतो, टुकलाल प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, शिवकुमार प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रसोईया धमना में 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा का हुआ जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के मनोनित 20 सूत्री अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यो के लिए रसोइया धमना में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, सदस्य रंजीत पांडेय, मो इम्तियाज, रघुवीर यादव एवं मीना देवी को पुष्पगुच्छ देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी तौकीर रजा ने किया। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व जीप प्रति. निधि मो कयूम, स्थानीय मुखिया गोविंद साहू, बेंदगी मुखिया सिकन्दर राणा एवं पंसस मो तैयब शामिल हुए। मो कयूम ने कहा की इस समिति के माध्यम से कई कार्य संपादित किए जाते है। जिसको लेकर उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक काम करने की बात कही है। मौके पर मो खलील, अब्दुल रज्जाक, सहदेव साव, खेमलाल साव, मकसूद अंसारी, मो कुर्बान सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदीप कुमार**



चंदवारा : चंदवारा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय थाम में शुक्रवार को डीईजीएस कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमा शंकर अकेला यादव, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार,प्रखण्ड विकास पदा. धिकारी संजय कुमार यादव व थाम मुखिया पुष्पा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। विधायक अकेला यादव ने कहा की मेरे पहल पर जिला प्रशासन के सहयोग से चंदवारा प्रखण्ड मुख्यालय में कंप्यूटर सेंटर खुलवाया गया जिसमे लगभग ग्यारह सौ विद्यार्थी को प्रक्षित हुवे जिन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। उन्होंने थाम पंचायत की मुखिया से आग्रह किया की इस पंचायत में जितने भी बच्चे है जो कंप्यूटर सीखने की रुचि रखते है उन्हें रजिस्टेशन करवाने को लेकर प्रेरित करे ताकि वे इसका लाभ ले सके। युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए यह सरकार कृतसंकल्पित है। वही अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा की बच्चे निरंतर क्लास कर कंप्यूटर की बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त करे। साथ ही उन्होंने कहा की में धन्यवाद देता हूं विधायक उमा शंकर अकेला यादव को जिनके अथक प्रयास से यहां कंप्यूटर सेंटर का खुला। यह प्रशिक्षण निशुल्क में दिया जा रहा है। आज कुल 260 बच्चो ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। ज्यादा से ज्यादा बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन करवाए। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त किए कुछ बच्चो के बीच प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि तकनीक के इस युग में कम्प्यूटर के ज्ञान के अभाव में रोजगार पाना संभव नहीं है। मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। जिससे निजात के लिए तकनीकी शिक्षा भी आवश्यक हो गया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव,विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल,जिला परिषद सदस्य नीतू यादव, मुखिया असगर अंसारी,पंचायत समिति सदस्य उमा शंकर रविदास,अनिता सिंह, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार, ईडीएम रजदेव महतो,कंप्यूटर शिक्षक मनीष कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## विष्णुगढ़ में मनसा पूजा को लेकर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

### भक्तिभाव से हुई आराधना, शनिवार को प्रतिमा का होगा विसर्जन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


शुक्रवार को नया मनसा मंदिर में स्थापित मां मनसा की आकर्षक प्रतिमा

विष्णुगढ़ के कई गांवों में शुक्रवार से शिवपुत्री मां मनसा की पूजा को लेकर उल्लास है। प्रखंड के पुराना मनसा मंदिर, नया मनसा मंदिर, करोंज मोड़, बकसपुरा, अचलजामो, गाल्होबार समेत कई गांव में प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से मां मनसा की पूजा आराधना की जा रही है। गुरुवार शाम से हीं स्थानीय तालाब से बारीक भरकर लाने के बाद मां मनसा की प्रतिमा का विधि विधान से पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया। इसके बाद व्रतधारी श्रद्धालुओं ने पूजा की। शुक्रवार की अहले सुबह भी बड़ी संख्या में स्थानीय समेत आसपास गांवों के श्रद्धालु पूजा एवं दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। पूजा को लेकर मां के सभी मंदिरों में आकर्षक तरीके से साज-सज्जा की गई है। लाउडस्पीकर में भक्ति गीतों से माहौल गुंजायमान है। मंदिर के आसपास पूजन सामग्री समेत खेल-खिलौने की भी कई दुकानें सजी है। इस मौके पर कई श्रद्धालुओं ने बलि प्रथा का भी निर्वहन कर मां मनसा से सुख, समृद्धि और उन्नति की कामना की। विष्णुगढ़ में प्रत्येक वर्ष मनसा पूजा भाद्रपद शुक्लपक्ष की त्रयोदशी तिथि से पूजा प्रारंभ होकर पूर्णिमा तिथि तक अनवरत जारी रहती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। शनिवार की शाम सभी स्थानों से प्रतिमा विसर्जन के बाद पूजा का समापन हो जाएगा।

## सिरमा नदी पुल के पास जर्जर सड़क को जिप प्रतिनिधि ने ओबी मेट डाल कर मरम्मत करवाया

**अपेम लाइवः बडकागॉंव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : सिरमा नदी पर नवनिर्मित पुल के दोनों छोर पर अपरोचिंग कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण रास्ता पूरी तरह से खराब हो गया है। रास्ता गढ्ढों और कीचड़ में तब्दील हो गया था जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों की परेशानी को देखकर पश्चिमी जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम व युवा समाजसेवीयों ने ओबीमेट रियल मंगा कर रोड का मरम्मत करवाया। मौके पर मो इब्राहिम ने ठेकेदार से मांग किया की जल्द से जल्द पुल का बचा हुआ निर्माण कार्य पूरा किया जाए। ग्रामीणों के साथ साथ बच्चों को विद्यालय जाने में काफी परेशानी होती है। पैदल चलने वाले जनता को कीचड़ का सामना करना पड़ता है। रास्ता मरम्मत हो जाने पर लोगों ने मो इब्राहिम और युवा समाजसेवी को धन्यवाद दिया। साथ ही जिला प्रशासन से मांग किया की बड़कागांव प्रखंड के बहुत ऐसा रोड है जो काफी जर्जर हो गया है। जर्जर पड़े रोड़ का मरम्मत किया जाए ताकी आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। सूर्य मंदिर से चेपा खुर्द होते हुए चेपाकला बाजार टांड़ तक जर्जर सड़क को कालीकरण कराया जाए। एवं हरली हाई स्कूल से महूंगाई कला दुर्गा मंदिर तक पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाए।

## दस दिनों के इलाज में मानसिक रोगी हुआ स्वस्थ, बहरापन भी हुआ ठीक

### रिनपास में इलाज कराकर थक चुका मानसिक रोगी वैकल्पिक चिकित्सा से दस दिनों में हुआ स्वस्थ, सुनने की क्षमता भी आया वापस

**अपेम लाइव : बडकागॉंव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव के गुरूचट्टी के रहनेवाले रंजीत कुमार जो पिछले 8 सालों से मानसिक बिमारी से ग्रसित थे साथ ही उनके सुनने की क्षमता भी क्षीण हो गई थी वे मात्र दस दिनों के इलाज में स्वस्थ हो गये। अब उनकी मानसिक स्थिति पहले से बेहतर हो गई है, पहले जहाँ वे बात बात पर काफी उग्र हो जाया करते थे वहीं अब वे बातों को बेहतर ढंग से समझकर प्रतिक्रिया देते हैं साथ ही अब उनकी सुनने की क्षमता भी वापस आ गई है। इस संबंध में रंजीत कुमार के पिता शिवकुमार महतो ने बताया कि उनके बेटे को यह बीमारी पिछले 8 वर्षो से थी उनका पुत्र बचपन से कुशाग्र बुद्धि का था। वह पढ़ाई में भी काफी तेज था इंटरमीडिएट में वह प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया था । उसे सबसे पहले सुनने की समस्या उत्पन्न हुई धीरे धीरे वह मानसिक रोग से ग्रसित हो गया। वह बातों बातों पर उग्र हो जाया करता था, किसी को भी बिना बात के मारने के लिए दौड़ जाता था। उन्होंने अपने पुत्र रंजीत कुमार का हजारीबाग, बनारस ,रांची में कई डॉक्टरों से इलाज कराया यहां तक की रांची स्थित रिनपास में भी उन्होंने अपने पुत्र का इलाज कराया किंतु कहीं भी सफल इलाज नहीं हो पाया। जब वे अपने पुत्र का इलाज हजारीबाग के रांची पटना रोड कोऑपरेटिव कॉलोनी अवस्थित कुश क्रांतिदर्शी योग सह वैकल्पिक चिकित्सालय में अपने पुत्र का इलाज कराया जहां बिना किसी दवा और सुई का इलाज किया गया जिससे मात्र 10 दिनों के इलाज में ही उनका पुत्र स्वस्थ हो गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुश क्रांतिदर्शी योग सह वैक. ल्पिक चिकित्सालय के निदेशक आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा ने बताया कि वे मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई दवा नहीं देते हैं। प्राचीन ऋषि-मुनियों के द्वारा दिए गए ज्ञान के माध्यम से वे रोगियों का इलाज करते हैं और इसमें उन्हें आशातीत सफलता प्राप्त होती है।

## बच्चो का जाती प्रमाण पत्र बनने में तेजी लाएं, नजदीकी सीएसपी से सहयोग ले : बीडीओ

### शिक्षको के बीच मासिक गोष्टि का हुवा आयोजन, कई बिंदुओं पर हुवा चर्चा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखण्ड संसाधन केंद्र चौपारण व मध्य विद्यालय चौपारण में चौपारण भाग एक एवम दो के शिक्षको के बीच मासिक गोष्टि का आयोजन किया गया। भाग एक बीईईओ उमाकांत यादव, भाग दो बीईईओ राकेश कुमार ने बैठक की अगुवाई किया। बैठक में मुख्यरूप से चौपारण बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा उप. स्थित रहे। बैठक में कई बिंदुओं पर अहम चर्चा हुवा जिसमे एसडीएमआईएस, शिक्षको व बच्चो का ऑनलाइन हाजरी बनाने, एमडीएम संचालन के साथ सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चो का जाती प्रमाण पत्र बनाने पर जोर दिया गया। शिक्षको को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने में शिक्षकगण तेजी लाएं। बीडीओ ने कहा कि जाती प्रमाण पत्र का फॉर्म भरकर आप बीआरसी कार्यालय व अंचल कार्यालय में जमा करें। एक शिक्षक के सवाल का जवाब देते हुए बीडीओ ने कहा कि खतियान नही रहने के स्थित में मुखिया के उपस्थिति में आम सभा कर सबधित बच्चे का जाती प्रमाण पत्र बनाने का प्रक्रिया पूर्ण किया जाएगा। मौके पर शिक्षक सुरेश सिंह, उमेश सिंह, डॉ प्रदीप साहू, कमलेश कुमार कमल, बसन्त दास, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, सुबोध सिंह, संजय सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुमार, बद्दी उजमा, शशिकान्त शर्मा, अमीत कुमार, उमेश सिंह, सुकुल गंझू, कैलाश साव, सीताराम यादव, प्रदीप सिंह, राजू ठाकुर, सबिता कुमारी, सरोज कुमारी, कौशल्या देवी, मो दिलावर अंसारी, भागीरथ रविदास, मुकेश कुमार, मृत्युजंय सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल सिंह, संजय सिन्हा, ओमकार नाथ सिंह, रामखेलावन रविदास, संगीता कुमारी, मुन्नी यादव, सरिता शर्मा, दीपक कुमार, हरेन्द्र विश्वकर्मा, रंजीत यादव, अर्जुन ठाकुर, खुर्शीद अंसारी, श्रीकांत शेखर, आलोक प्रियदर्शी, शैलेश वर्मा, कुलदीप यादव, सहित



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पीड़िता ने एसपी को आवेदन देकर मारपीट व गलत नियत से छेड़छाड़ करने वालो पर कार्रवाई करने की लगाई गुहार

**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदीप कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र के चंदवारा निवासी रविना खातुन उम्र 35 वर्ष पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कहा कि मैं 4 सितंबर रात्रि लगभग 9:30 बजे मैं अपने घर के दरवाजा पर बैठी हुई थी इसी बीच मजमा बनाकर आयुब मियां उम्र 50 वर्ष आसीन मिया उम्र 45 वर्ष 3. अहमद मियां तीनों के पिता स्व अब्दुल मियां सुलेखा खातुन मकीना खातुन रूखसाना खातुन, सबाना प्रवीन, मोहम्मद अजहर, सकीला खातुन सभी ग्राम चन्दवारा, थाना चन्दवारा जिला कोडरमा का निवासी है। हमको जान मारने के नियत से आयुब मिया. आसीन मियां ने रात का अंधेरा देखते हुए मेरा माथा का बाल पकड़ कर जमीन पर पकड़ दिया एंव आयुब मियां मेरे साथ बाइजबरन पटक मेरी सूट बुरी नियत से फाड़ दिया। व छेड–छाड़ करते हुए गलत नियत से पटक दिया। वही आसीन मिया व अहमद मियां जान मारने की नियत से मेरा गला दवा कर छेड़छाड़ करने लगा। मैं हल्ला करने लगी इसी बीच मेरे पति और एवं मेरा लडका दौडकर आया तब किसी तरह मेरी जान बच सकी तथा अजहर मियां पिता युसुफ मियां, सकीला खातुन पति अजहर मियां गाली गलौज करते हुए अचानक मेरे पास आये मेरे माथे के ललाट पर हाथ, पैर से मारने लगे जिससे मै बेहोस हो गई इसी बीच सबाना प्रवीन पति शमीम अंसारी ग्राम– रोमी, जिला– हजारीबाग मेरे कान से सोने की कानबाली पहने हुई थी। उसको सबाना प्रवीन ने छीन लिया तथा सुलेखा खातुन, मकीना खातुन, रूखसाना खातुन, सकीला खातुन ने हाथों में लोहे का छड से लेस होकर माथा में मारने लगे और कहने लगे कि इस महिला को जान से मार कर फेंक दो प्रशासन जो करेगा में समझ लूँगा जिससे हम सभी परिवार वाले को भय का माहौल बना हुआ है। आवेदन में उन्होंने कहा कि आयुब मियां, आसीन मियां, अहमद मियां, मो अजहर सभी व्यक्ति अपराधी किस्म के व्यक्ति है हमलोगों को बराबर धमकी दिया जाता है। कि कहीं भी मारकर लाश फेक देंगें। घटना के बाद में 5 सितंबर को चन्दवारा थाना प्रभारी को आवेदन दिया था लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं किया गया चंदवारा थाना प्रभारी दोनों पक्ष को बुलाकर समझौता करने बोल रहे हैं थाना प्रभारी ने कहा कि समझौता नहीं करोगी तो दोनों पर मुकदमा दर्ज कर देंगे।

## विष्णुगढ़ में बीएसएफ के जाबांज वीरांगनाओं का भव्य अभिवादन

### फूल माला पहनाकर भारत माता के जयकारों से लोगों ने भरा जोश

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में बीएसएफ वीरांगनाओं के दस्ते का अभिवादन करते लोग

सीमा सुरक्षा बल के जाबांज एवं सीमा भवानी वीरांगनाओं का बुलेट पर सवार दस्ता शुक्रवार को दोपहर तीन बजे विष्णुगढ़ पहुंचा। बीएसएफ की सीमा भवानी दस्ते में 34 वीरांगनाएं सवार थी। धनबाद होते हुए विष्णुगढ़ पहुंचने पर सातमील मोड़ पर बड़ी संख्या में लोगों ने फूल माला पहनाकर वीरांगनाओं का भव्य अभिवादन किया। इस बीच हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिंदाबाद के जयकारों से वीरांगनाओं और शामिल लोगों में जोश भरा। बीएसएफ की सीमा भवानी वीरांगनाओं का दस्ता मेघालय के शिलांग से नई दिल्ली के लिए सड़क मार्ग से निकला है। इस बीच जगह–जगह पर दस्ते का भव्य अभिवादन किया जा रहा है। यह दस्ता आगामी 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अपने शौर्य व पराक्रम का प्रदर्शन करेंगे। विष्णुगढ़ के बाद दस्ते का टाटीझरिया, दारू तथा झुमरा में भी स्वागत किया गया। इसके बाद दस्ता मेरु बीएसएफ कैंप में अपनी जाबांजी का प्रदर्शन करेगी। 11 सितंबर को दस्ता मेरु से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। दस्ते में शामिल एक जवान ने बताया कि भ्रमण पर निकले बुलेट सवार दस्ते का उद्देश्य देशवासियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से की गई है।

## मुखिया प्रतिनिधि ने बिगहा में किया फुटबॉल प्रतियोगिता का उदघाटन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



चौपारण पंचायत स्थित कुर्थीताड़ खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने शुभारंभ किया। पहला मुकाबला चमरगड्ढा बनाम युवा जागृति क्लब अम्बाडीह के बीच खेला गया। मुखिया प्रतिनिधि ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर दोनो टीमो के खिलाड़ियो को बेहतर खेल प्रदर्शन कर आपसी भाईचारगी से खेलने को कहा। इससे पूर्व आयोजको ने पूर्व मुखिया सहित अन्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुए बिनोद सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेल हमे मानसिक व शाररिक रूप से दुरुस्त रखता है। पूर्व मुखिया ने आयोजन समिति को हर सभव मदद का भरोशा दिया। इस मौके पर दास मुंडा, अनुज कुमार सिंह, पवन सिंह, संजय सिंह, बालदेव मुंडा, रंजेन्द्र सिंह, सन्नी कुमार, दीपक कुमार, पंकज सिंह सहित कई खेलप्रेमी उपस्थित थे।

APEM LIVE

## चौपारण मुखिया संघ की पहली बैठक, पंचायतो में विकास को गति देने पर चर्चा

### पंचायत के विकास कार्यो की राशि मे प्रशासनिक कमीशन बंद हो : बिरेन्द्र रजक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पंचायत सचिवालय, चौपारण में शुक्रवार को 21 मुखिया के साथ संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने भिन्न भिन्न समस्याओं को लेकर बैठक किया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुने गए मुखिया की पहली बैठक में कई गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। संघ ने मुखिया के कार्य क्षेत्र में हो रही विकास कार्य समस्या पर चर्चा की गई। बैठक में सभी मुखिया ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न विभागों की अधिक. ारियों के साथ बैठक कर विकास कार्य की गति बढ़ाने के लिए समन्वय बनाने की पहल होनी चाहिए। मुखिया रेखा साहू ने कहा कि हर पंचायत में राज्य और जिला प्रशासन सहित विभिन्न विभागो से कई जनहित की योजनाओं का संचालन होती है। लेकिन ऐसे योजनाओ की जानकारी संबंधित पंचायत के मुखिया को नही दी जाती है। बैठक में कई मुखिया ने कहा कि पंचायत स्तर मनरेगा योजना के विकास कार्य मे प्रशासनिक कमीशन पर अंकुश लगे। यह भी कहा कि मनरेगा योजना के कई विकास कार्य में राशि भुगतान की जानकारी मुखिया को नही दी जा जाती है। इस तरह कई अधूरे योजना की राशि का भी भुगतान हो जाता है, लेकिन योजना अधूरा या धरातल पर रहता ही नही। कहा कि मुखिया का डिजिटल साइन अधिकारी के कब्जे में रहता और बिना जानकारी के ही प्रशासनिक कमीशन के कारण राशि का भुगतान हो जाती है।मुखिया कृष्ण रविदास ने कहा कि पंचायत स्तर पर बीडीओ, सीओ सहित अन्य अधिक. ारियों और वरीय पदाधिक. ारियों का भ्रमण, निरीक्षण और जांच का संबंधित पंचायत के मुखिया को जानकारी उपलब्ध नही कराया जाता है।मुखिया देवंती देवी ने कहा कि पंचायतीराज अधिकार के दायरे में रहकर गांवो के विकास कार्य करे। गलत कार्य और असामाजिक तत्वों के दबाव में काम नही करे, यदि दबाव में कुछ भी किया तो आप ही जेल जाएंगे। पूर्व मुखिया सह प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि गांव की सरकार के अधीन 27 विभाग है। ऐसे में मुखिया विभागों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्य करें। लेकिन कई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गांव की सरकार को अनदेखी कर विकास कर रहे है। ऐसे में बिचौलियों को बढ़ावा मिल रही है। कमीशन खोरी में घटिया कार्य हो रही है। यह भी चर्चा हुई कि गांव की सरकार(मुखिया) का डिजिटल साइन प्रशासन के कब्जे है। जिसके कारण विकास की राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हो रही है। बैठक में यह बात स्पष्ट रूप से कहा गया कि ष्खाता न बही, जो बीडीओ कहे वही सहीष। संघ ने कहा कि मुख्यालय की साप्ताहिक बैठक में मुखिया को शामिल करें और पंचायत स्तर के विकास कार्य की समीक्षा हो। ग्रामीण समस्याओं का समाधान में अधिकारी सहयोग करें।

